# पंडित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर
(छ.ग. शासन के अधिनियम क्र. 26/2004 द्वारा स्थापित)
कोनी बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.)

क्र.560/स्था./प्रशा./2021

बिलासपुर, दिनांक 12/10/2021

## सीधी भर्ती से पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन (03/2021)

पंडित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर में सीधी भर्ती से भरने हेतु पात्रता रखने वाले अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप में कुलसचिव, पंडित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर के पते पर पंजीकृत डाक (स्पीड पोस्ट/कोरियर) से दिनांक 12/11/2021 अपराह्न 05:30 बजे तक मय अभिलेखों के साथ आवेदन–पत्र आमंत्रित किया जाता है। आवेदन–पत्र का प्रारूप, शैक्षणिक अर्हता एवं अन्य समस्त जानकारी विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.pssou.ac.in पर उपलब्ध है। अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

| क्र | पदनाम | वेतनमान+ग्रेड वेतन, लेवल | रिक्त पद वर्गवार | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना. | अ.ज.जा. | अ.जा. | अ.पि.व. | |
| 1 | सहायक ग्रेड–03 | 5200-20200+1900 (लेवल 4) | 01 | 01 | - | 01 | 03 |

टीप :

1. विज्ञापित पदों की संख्या परिवर्तनीय है। आवश्यकतानुसार पदों की संख्या घटाई/बढ़ाई जा सकती है।
2. आवेदन शुल्क सामान्य/पिछड़ा वर्ग हेतु रु. 500/– एवं अजजा/अजा हेतु रु. 250/– का भुगतान चालान के माध्यम से किया जावे। आवेदन–पत्र के साथ चालान की प्रति अनिवार्यतः संलग्न किया जाये।
3. नियुक्ति प्रक्रिया का सर्वाधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।
4. अभ्यर्थीगण भर्ती प्रक्रिया से संबंधित नियम तथा अद्यतन जानकारी हेतु विश्वविद्यालय के वेबसाईट का सतत् अवलोकन करते रहें। उन्हें अलग से कोई सूचना नहीं दी जायेगी।
5. सहायक ग्रेड–03 पद हेतु वर्ष 2019 (1/2019) में विश्वविद्यालय द्वारा जारी विज्ञापन में जिन अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन किया गया है उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता होगी परन्तु कोई शुल्क नहीं देना होगा।

कुलसचिव

## सीधी भर्ती से पदों की पूर्ति हेतु शैक्षणिक अर्हता, सामान्य शर्ते एवं अन्य जानकारी

**न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएं (सहायक ग्रेड–03 पद हेतु) :–**

1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण,

   अथवा

   पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण।

   अथवा

   कक्षा 10 वीं परीक्षा उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा।
2. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एंट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र तथा,

   (क) कम्प्यूटर में हिन्दी टायपिंग का 5000 की डिप्रेशन प्रतिघंटा (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जायेगी)

   (ख) अभिक्षमता परीक्षण किया जायेगा।

## सामान्य नियम एवं शर्ते –

1. विज्ञापित पदों की संख्या परिवर्तनीय है। आवश्यकतानुसार संख्या घटाई/बढ़ाई जा सकती है।
2. विज्ञापित पदों में आरक्षण रोस्टर का निर्धारण छ.ग. लोक सेवा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ें वर्गो के लिए आरक्षण अधिनियम 1994 के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार रोस्टर बिन्दु के अनुसार पद विज्ञापित किये जा रहे है।
3. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं/निगम/मंडल/विश्वविद्यालय आदि में कार्यरत कर्मचारियों को अपना आवेदन पत्र नियोक्ता के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण–पत्र सहित प्रस्तुत करना होगा।
4. तृतीय श्रेणी के पदों के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है तथा दिनांक 01/10/2021 को 18 वर्ष से कम आयु न हो और अधिकतम आयु में छ.ग. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दी गई छूट नियमानुसार दी जावेगी। किन्तु सभी देय छूटों को मिलाकर उनकी अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी। ऐसे आवेदक जो पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय में कार्यरत है को कार्यरत अवधि (आवेदन की अंतिम तिथि को) के बराबर अधिकतम आयु सीमा में अतिरिक्त छूट दी जायेगी। किन्तु सभी देय छूटों को मिलाकर उनकी अधिकतम आयुसीमा में 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।
5. शासन द्वारा निर्धारित कम आयु सीमा से कम आयु में विवाह करने वाले उम्मीदवार नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे।

6. इस विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में जिनकी किसी आरोप के कारण सेवा समाप्त की गई है, वे किसी भी पद के लिये अर्ह नहीं होंगे।

7. आवेदन विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.pssou.ac.in पर ऑनलाइन माध्यम से भरना होगा तदुपरांत भरे हुए आवेदन को प्रिंट कर संलग्नकों सहित स्वहस्ताक्षरित कर निर्धारित तिथि तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से **कुलसचिव, पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर कोनी, बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.)** के पते पर प्रेषित करना होगा।

8. अपूर्ण और त्रुटिपूर्ण आवेदन–पत्र स्वतः निरस्त माने जायेंगे। निरस्त आवेदन पत्रों के लिए पृथक से सूचना नहीं दी जावेगी।

9. एक बार आवेदन जमा किये जाने के बाद परीक्षा के पूर्व या परीक्षा परिणाम के बाद त्रुटि सुधार के लिए किया गया कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

10. नवनियुक्त कर्मचारियों को पेंशन की पात्रता नहीं होगी (नवीन अंशदायी पेंशन की पात्रता होगी)।

11. ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने इस विश्वविद्यालय के विज्ञापन क्रमांक 1986/स्था./19 दिनांक 17.01.2019 (01/2019) में सहायक ग्रेड–03 के पद में आवेदन किया था उन्हें फिर से आवेदन करना होगा परन्तु उन्हें पुनः आवेदन शुल्क देने की आवश्यकता नहीं होगी।

12. कम्प्यूटर संबंधी योग्यता हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समय–समय पर सूचित मान्यता प्राप्त संस्थाएँ ही मान्य होंगी।

13. चयन हेतु कुल 100 गुणांक के आधार पर प्रावीण्यता क्रम में विचार होगा। (अ) न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता की परीक्षा के प्राप्तांक प्रतिशत के 20 (बीस) प्रतिशत अंक, (ब) इस प्रदेश के मुक्त विश्वविद्यालय में कार्य अनुभव के लिये प्रति पूर्ण अनुभव वर्ष पर दो अंक के हिसाब से अधिकतम 20 (बीस) अंक, (स) तकनीकि/कौशल/अभिक्षमता परीक्षा पर 20 (बीस) अंक, और (द) स्क्रीनिंग टेस्ट पर 40 (चालीस) अंक होंगे अर्थात कुल 100 (सौ) अंक पर विचार होगा एवं प्राप्त अंकों के आधार पर अंतिम मेरिट सूची तैयार की जावेगी।

14. इस विज्ञप्ति में उल्लेखित पदों तथा शर्तो के निर्वचन का तथा किसी भी समय नियुक्ति से संबंधित प्रक्रिया को स्थगित करने, निरस्त करने एवं अन्य शर्ते विहित करने तथा किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार माननीय कुलपति, पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर का होगा, जो पूर्णतः बन्धनकारी होगा।

15. किसी भी कारण से निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**कुलसचिव**

## <u>सहायक ग्रेड–03 पद हेतु स्क्रीनिंग टेस्ट के लिए पाठ्यक्रम</u> (कुल अंक – 40)

### भाग एक
### सामान्य मानसिक योग्यता

**05 अंक**

वर्णमाला परीक्षण, सांकेतिक भाषा, सादृश्यता श्रृंखला, वर्गीकरण, व्यवस्थित क्रम, काल परीक्षण, दिशा परीक्षण, रक्त संबंधी परीक्षण, गणितीय संक्रियाएँ, पहेली परीक्षण, आरेखीय निरूपण, मैट्रिक्स परीक्षण, तार्किक निगमन, पासा एवं घन, कागज मोड़ना एवं काटना, आकृति गिनती परीक्षण, दर्पण एवं जल प्रतिबिंब, प्रैक्टिस सैट, तर्क करना, आकाशीय संबंध, विषमता को पहचानना।

### भाग – दो
### सामान्य चेतना

**25 अंक**

- **भारतीय इतिहास** – भारतीय संस्कृति विकास, ऐतिहासिक घटनायें, भारतीय स्वतंत्रता का इतिहास 1875 से 1975 तक का घटनाक्रम, सुधार आंदोलन, राष्ट्रीय एकता।
- **राजनीति शास्त्र** – मौलिक कर्त्तव्य एवं अधिकार, शिक्षा, भाषा, संस्कृति, राष्ट्रीय प्रतीक, राष्ट्रीय राजनीतिक विज्ञान, लोकसभा, राज्यभाषा, विधानसभा, मुख्य संवैधानिक प्रावधान।
- **अर्थशास्त्र** – सामाजिक एवं आर्थिक विकास, जनसंख्या के परिपेक्ष्य, सकल राष्ट्रीय उत्पादन और प्रति व्यक्ति आय, राष्ट्र एवं राज्य, नियोजन प्रक्रिया, कृषि, ग्रामीण विकास, औद्योगिक एवं व्यापारिक विकास, भारतीय अर्थव्यवस्था, बैंक प्रणाली, रोजगार, पूर्व एवं वर्तमान आर्थिक घटनाक्रम।
- **सामान्य विज्ञान, पर्यावरण, खेलकूद, सम–सामयिक घटना** – मुख्य आविष्कार एवं जन विज्ञान आंदोलन, स्वास्थ्य, स्वास्थ्य विज्ञान एवं जनसंख्या, चेतना, जीवन की गुणवत्ता, विज्ञान के मूलभूत सिद्धांत। (हाई स्कूल स्तर)
- **छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित सामान्य ज्ञान** – भौगोलिक, प्राकृति, ऐतिहासिक एवं विविध सामान्य ज्ञान, समसामयिक घटनाचक्र। छत्तीसगढ़ के प्राकृतिक संसाधन, पर्यावरण चेतना, वनस्पति एवं प्रणाली समूह, मिट्टी और उसके प्रकार, खनिज।
- **सामान्य गणित** – प्रतिशत, अनुपात एवं समानुपात, औसत, लाभ, हानि, ब्याज, चक्रवृद्धि ब्याज।

### भाग – तीन
### कम्प्यूटर सामान्य ज्ञान

**10 अंक**

**कम्प्यूटर** – कम्प्यूटर बेसिक जानकारी, मेमोरी, रेम, रोम, कम्प्यूटर का इतिहास, कम्प्यूटर के प्रकार, हार्डवेयर, हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, एम.एस. ऑफिस विन्डो।

**टीप – परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रश्न ही पूछे जायेंगे जिसमें कुल प्रश्नों की संख्या 40 रहेगी। प्रत्येक प्रश्न पर 01 अंक रहेगा। प्रत्येक सही उत्तर पर 01 अंक तथा गलत उत्तर पर कोई अंक नहीं दिये जायेंगे। प्रत्येक प्रश्न के संभावित चार उत्तर होंगे जिसमें से एक सही एवं तीन उत्तर गलत होंगे।**